


# शेविंग क्रीम : दिन की महकती शुरुआत

*शेविंग करना आपकी रोजमर्रा की दिनचर्या का हिस्सा है और आप इसमें एक्सपर्ट भी हो चुके है लेकिन बिना शेविंग क्रीम के शायद आप शेव करना पसंद नहीं करते होंगे। 'कंस्यूमर वॉयस' ने भारत में बिकने वाली शेविंग क्रीम के कुछ ऐसे ब्रांड को चुना जो सबसे अधिक प्रयोग की जाती है, सबसे अधिक बिकती है, और भारत में हर वर्ग के लिए आसानी से उपलब्ध है, उपभोक्ताओं को एक 'बेहतर अनुभव' देती है। इन क्रीमों को विभिन्न मापदंडों पर परखा गया। हमने सभी ब्रांड की तुलना की, कौन सी क्रीम शेविंग करने में मदद करती है, आपकी त्वचा को कोमल बनाए रखती है आदि। महत्वपूर्ण जानकारी पढ़िए हमारी इस परीक्षण रिपोर्ट में।*

क्लीन शेव, लंबी दाढ़ी या कुछ हल्की–हल्की दाढ़ी। पूरे विश्व में शेविंग करने को लेकर व्यक्ति दो वर्गों में बंटे हुए हैं एक तो वे जो दाढ़ी बनाते हैं और दूसरे व्यक्ति जो दाढ़ी नहीं बनाते। हम यहां बात करेंगे उन व्यक्तियों की जो दाढ़ी बनाते हैं और उन्हें ऐसा करने में बहुत सी परेशानियां भी आती हैं जैसे रेज़र का ठीक से आपकी त्वचा पर काम न कर पाना, सूखी त्वचा आदि, ये सब परेशानियां शीशे के सामने खड़े होकर आपको चिढ़ाती हैं। ऐसे व्यक्ति जो हमेशा एकदम क्लीन शेव रहना चाहते हैं, नियमित रूप से शेविंग करना चाहते हैं, अपनी त्वचा को बहुत कोमल महसूस करना चाहते हैं उनके लिए अच्छी शेविंग क्रीम से लेकर शेविंग ब्रश और रेज़र का चुनाव करके प्रयोग करना काफी महत्वपूर्ण हो जाता है।

भारतीय मानक के अनुसार और उत्पाद द्वारा पैकिंग पर किए गए दावों के अनुसार, उसका वज़न आदि आकलन किया गया। यह बहुत दिलचस्प बात है कि हमें इस उत्पाद के किसी भी ब्रांड में कुछ ऐसे नकारात्मक परिणाम नहीं

मिले, ऐसे में उत्पादों की तुलनात्मक जांच और ज्यादा रोचक बन जाती है। यहां यह भी अनुभूति होती है कि सभी उत्पाद मानकों के अनुसार पाए गए।

**ऐसे की गई जांच :–**

वॉयस द्वारा यह तुलनात्मक परीक्षण भारतीय मानक (आईएसः 9740) के आधार पर किया गया। हमने किराना बाजार से शेविंग क्रीम के 10 मशहूर ब्रांड चुने।

**जांच के मुख्य परिणाम**

- सभी ब्रांड की क्रीम में टीएफएस की अधिकतम मात्रा 30 प्रतिशत तक होनी चाहिए। यार्डले में टीएफएस सबसे अधिक 41.7 प्रतिशत इसके बाद सुपर मैक्स में 40.0 प्रतिशत और ओल्ड स्पाइस में सबसे कम टीएफएस 31.28 प्रतिशत पाया गया।
- प्रयोग किए जाने और जांच करने पर यार्डले में झाग की सबसे अधिक मात्रा पाई गई एक दम लगाने के बाद (390 मि.ली.) और पांच मिनट बाद (330 मि.ली.) इसके बाद विल्ड स्टोन (380मि.ली. और 330मि.ली.), पॉमोलिव में सबसे कम झाग की मात्रा पाई गई, लेकिन न्यूनतम झाग की क्षमता से अधिक ही रही।
- पार्क एवेन्यू में पानी की मात्रा 33.08 प्रतिशत पाई गई, यार्डले में 34.85 प्रतिशत, वी–जॉन 49.96 प्रतिशत तथा इसके बाद ओल्ड स्पाइस में सबसे अधिकतम 46.71 प्रतिशत पानी पाया गया।

**शेविंग क्रीम क्या है?**

शेविंग क्रीम पुरुषों द्वारा दाढ़ी बनाने के लिए प्रयोग किया जाने वाला उत्पाद है जिसे दाढ़ी को गीला कर उसे नरम बनाने के लिए इसका प्रयोग किया जाता है। क्रीम के इस्तेमाल से उसमें झाग आने लगते हैं जिससे दाढ़ी बनाने में आसानी हो जाती है। शेविंग क्रीम में सोडियम और पोटेशियम सेट्रेट होता है जिससे इसे पानी के साथ इस्तेमाल करने पर इसमें क्रीमी संरचना आ जाती है। भारतीय मानक के अनुसार दो तरह की शेविंग क्रीम होती हैं टाइप1– जिसमें झाग होते हैं, टाइप2–बगैर ब्रश के होती है। यहां वॉयस द्वारा सिर्फ टाइप–1 की ही जांच की गई है।

**उपभोक्ता के लिए क्रीम कितनी आवश्यक?**

यदि आपने कभी भी बगैर शेविंग क्रीम के शेविंग की है तो आपको यह एहसास ज़रूर हुआ होगा कि इसकी कितनी आवश्यकता होती है। यह सिर्फ दाढ़ी बनाने में ही सुविधा प्रदान नही करती बल्कि यह त्वचा के लिए भी लाभदायक होती है। त्वचा पर रेज़र, दाढ़ी की वजह से खरोंच आदि लग सकते हैं, लेकिन क्रीम लगाकर शेविंग करने से ऐसी परेशानियों से बचा जा सकता है। सबसे महत्वपूर्ण है कि क्रीम के प्रयोग से आपकी त्वचा पर निखार आता है चेहरे पर आत्मविश्वास भी झलकता है।

**झाग की क्षमता :**

शेविंग करते समय झाग की अधिक मात्रा निकलने से सबसे पहले अच्छी दाढ़ी बनने का एहसास होता है। शेविंग क्रीम का प्रयोग करना बेहद ज़रूरी होता है क्योंकि उसी से ही झाग बनता है। राष्ट्रीय मानक के अनुसार एक शेविंग क्रीम से 100 मिलीलीटर झाग निकलना चाहिए। सभी ब्रांड की जांच करने के बाद सभी ब्रांड में झाग न्यूनतम क्षमता से अधिक ही पाए गए। यार्डले ब्रांड में झाग बनने की प्रक्रिया सबसे अधिक रही लेकिन सभी ब्रांडों की तुलना में पॉमोलिव ब्रांड में सबसे कम झाग की मात्रा पाई गई बीआईएस के हिसाब से काफी अच्छा है।

| झाग की क्षमता | | |
|---|---|---|
| ब्रांड | शुरूआत (मि.ली.) | पांच मिनट के बाद (मि.ली.) |
| यार्डले | 390 | 330 |
| विल्ड स्टोन | 380 | 330 |
| सुपर मैक्स | 330 | 275 |
| एक्स डेनिम | 350 | 290 |
| पार्क ऐवन्यू | 320 | 255 |
| गोदरेज | 310 | 265 |
| डेटॉल | 270 | 255 |
| ओल्ड स्पाइस | 340 | 285 |
| वी–जोन | 290 | 215 |
| पॉमोलिव | 250 | 200 |

**पानी की मात्रा :–**

शेविंग क्रीम में पानी की अधिक मात्रा को नियमित रूप से इस्तेमाल करने पर महसूस किया जा सकता है। भारतीय मानक के अनुसार किसी भी शेविंग क्रीम के ब्रांड में 60 प्रतिशत से अधिक पानी की मात्रा नहीं होनी चाहिए।

सभी ब्रांड ने जांच में बहुत सकारात्मक परिणाम दिए। पार्क एवेन्यू में सिर्फ 33.08 प्रतिशत पानी और यार्डले में 34.85 प्रतिशत, वी–जॉन में सबसे अधिक 49.96 प्रतिशत और इसके बाद ओल्ड स्पाइस में 46.71 प्रतिशत पानी की मात्रा पाई गई। सभी ब्रांडों में निर्धारित मात्रा से काफी कम पानी की मात्रा पाई गई तो इससे स्पष्ट होता है कि शेविंग क्रीम में अन्य घटक अधिक मात्रा में मिलाए गए हैं।

| पानी की मात्रा | |
|---|---|
| ब्रांड | परिणाम (% ) |
| यार्डले | 34.85 |
| विल्ड स्टोन | 35.46 |
| सुपर मैक्स | 43.97 |
| एक्स डेनिम | 38.39 |
| पार्क एवेन्यू | 33.08 |
| गोदरेज़ | 41.75 |
| डेटॉल | 36.43 |
| ओल्ड स्पाइस | 46.71 |
| वी–जोन | 49.73 |
| पॉमोलिव | 37.57 |

***कुल वसा पदार्थ (टीएफएस) :***

दाढ़ी बनाने की कोमलता शेविंग क्रीम की झाग निकलने की क्षमता और उसकी नमी पर निर्भर करती है वहीं शेविंग क्रीम की झाग की क्षमता और नमी उसकी 'कुल वसा पदार्थ' पर निर्भर करती है। भारतीय मानक के अनुसार क्रीम में 30 प्रतिशत कुल वसा पदार्थ की मात्रा का होना ज़रूरी है।

इस जांच के परिणाम भी काफी रोचक रहे इसमें सभी ब्रांड में वसा पदार्थ की मात्रा जितनी न्यूनतम होनी चाहिए उससे अधिक ही पाई गई। यार्डले में 41.7 प्रतिशत वसा पदार्थ इसके बाद 40.09 प्रतिशत के साथ सुपर मैक्स और सबसे कम कुल वसा पदार्थ की मात्रा ओल्ड स्पाइस में 31.28 प्रतिशत पाई गई। इसे अन्य ब्रांड की अपेक्षा में सबसे कम अंक प्राप्त हुए।

| कुल वसा पदार्थ | |
|---|---|
| ब्रांड | परिणाम (%) |
| यार्डले | 41.7 |
| विल्ड स्टोन | 38.72 |
| सुपर मैक्स | 40.09 |
| एक्स डेनिम | 32.02 |
| पार्क एवेन्यू | 36.9 |
| गोदरेज़ | 35.97 |
| डेटॉल | 37.22 |
| ओल्ड स्पाइस | 31.28 |
| वी–जोन | 33.42 |
| पॉमोलिव | 35.31 |

**पैकेजिंग** :–भारतीय मानक के अनुसार शेविंग क्रीम को एल्यूमीनियम ट्यूब में ही पैक किया जाना चाहिए। जो ब्रांड ऐसे पैकिंग नहीं करते हैं उन्हें टूथपेस्ट वाली पैकिंग की तरह मजबूत कई परत वाली पीवीसी उत्पाद के बने पदार्थ की पैकिंग में पैक करना चाहिए। पैकिंग ऐसी होनी चाहिए जिससे उत्पाद आसानी से दबाने पर ही निकल सके। इस परीक्षण में सभी ब्रांडों की पैकिंग एक समान ही पाई गई।

**मार्किंग / लेबल :–**

किसी भी ब्रांड पर लेबल में विभिन्न जानकारी होनी चाहिए :

1) नाम और शेविंग क्रीम का प्रकार
2) उत्पादक का नाम / उसका मानक चिन्ह

**कीमत के आधार पर बेहतर ब्रांड**

अधिकतर ब्रांड के शेविंग क्रीम में कुछ अंतर पाया गया। यहां वी–जॉन और गोदरेज़ कीमत के आधार पर सबसे सस्ते ब्रांड रहा। वी–जॉन की 125 ग्राम ट्यूब की कीमत 32 रुपए तथा गोदरेज़ की 100 ग्राम ट्यूब की कीमत 35 रुपये है, वहीं अन्य ब्रांड की 70ग्राम की ट्यूब की कीमत 55रुपये से 63 रुपये तक है। (इसके साथ में 18–30 ग्राम तक एक्स्ट्रा जैसी सुविधा है) कीमत के आधार पर कोई भी वी–जॉन की शेविंग क्रीम खरीदना पसंद करेगा।

# शेविंग क्रीम

| रैंक | | 1 | 2 | 3 | 4 |
|---|---|---|---|---|---|
| ब्रांड | भारांक % | यार्डले | विल्ड स्टोन | सुपरमैक्स | एक्स–डेनिम |
| | |  |  |  |  |
| पैरामीटर | | | | | |
| कीमत (MRP), रुपए | | 57 | 55 | 55 | 63 |
| वज़न, ग्राम | | 91* (70+21) | 70 | 100* (70+30) | 78* (60+18) |
| यूनिट मूल्य /10 ग्राम | | 6.26 | 7.85 | 5.5 | 8.0 |
| संवेदी परीक्षण | 14 | 10.74 | 11.37 | 11.13 | 10.1 |
| टोटल फैटी सब्सटेंस (TFS) | 20 | 19.856 | 18.43 | 19.09 | 15.246 |
| झाग क्षमता (लेदरिंग पॉवर) | 20 | 20.00 | 19.79 | 16.74 | 17.71 |
| पानी की मात्रा | 5 | 4.815 | 4.876 | 3.903 | 4.461 |
| हैवी मेटल | 4 | 3.93 | 3.94 | 3.95 | 3.96 |
| कुल वज़न (मात्रा) | 4 | 3.99 | 3.2 | 3.99 | 3.98 |
| पैकेज़िंग एंड मार्किंग | 8 | 7.4 | 7.4 | 7.4 | 7.4 |

* प्रमोशन स्कीम के रूप में अतिरिक्त क्रीम

**यूनिट मूल्य में दी गई अतिरिक्त क्रीम सम्मिलित है

| | 5 | 5 | 5 | 6 | 7 | 8 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | पार्क ऐवेन्यू | गोदरेज़ | डेटॉल | ओल्ड स्पाइस | वी–जॉन | पामोलिव |
| |  |  |  |  |  |  |
| | | | | | | |
| | 57 | 35 | 59 | 57 | 32 | 55 |
| | 91* (70+21) | 100 | 91* (70+21) | 70 | 125 | 70 |
| | 6.25 | 3.5 | 6.48 | 8.14 | 2.56 | 7.85 |
| | 8.49 | 9.15 | 9.6 | 9.5 | 10.12 | 8.99 |
| | 17.57 | 17.128 | 17.322 | 14.89 | 16.152 | 16.81 |
| | 15.23 | 15.98 | 14.80 | 17.33 | 13.75 | 12.39 |
| | 4.99 | 4.125 | 4.657 | 3.625 | 3.387 | 4.543 |
| | 3.95 | 3.97 | 3.97 | 3.96 | 3.95 | 3.95 |
| | 3.99 | 4 | 3.98 | 4 | 3.98 | 4 |
| | 7.7 | 7.4 | 7.4 | 7.7 | 7.4 | 7.4 |



शेविंग क्रीम का बेहतर परिणाम ब्रश की गुणवत्ता पर निर्भर करता है। ब्रश हमेशा प्राकृतिक (जानवरों) बालों का ही बना होना चाहिए। इसके प्रयोग से बेहतर शेविंग करते समय काफी झाग निकलते हैं। सैलून और छोटी–छोटी नाई की दुकानों पर हमेशा ही ऐसे प्राकृतिक ब्रश का प्रयोग किया जाता है। साथ में यदि हल्के गर्म पानी के साथ दाढ़ी बनाई जाए तो और अच्छा रहता है। शेविंग आसानी से भी हो जाती है और झाग भी अधिक से अधिक बनते है। आजकल सिंथेटिक बालों के बने हुए ब्रश भी आते हैं लेकिन वह त्वचा के लिए हानिकारक हो सकते हैं क्योंकि वे बहुत कठोर होते हैं।

3) ट्यूब में उत्पाद की मात्रा

4) कोर्ड नंबर बैच में

5) कोई ऐसी आवश्यकता और विशेष जानकारी।


6) इस्तेमाल करने का तरीका।

7) आईएसआई का चिन्ह।

8) इस्तेमाल करने की अवधि

9) उत्पाद को रखने की जानकारी

अधिकतर ब्रांड ने विभिन्न जानकारियां अपने उत्पाद पर दी हुई थी, लेकिन किसी भी ब्रांड ने भारतीय मानक चिन्ह नहीं दिया, पार्क एवेन्यू और ओल्ड स्पाइस ने इस्तेमाल करने के तरीके की कोई जानकारी नहीं दी, किसी भी ब्रांड ने उत्पाद को रखने के तरीके के बारे में कोई जानकारी नहीं दी।



**कंस्यूमर वॉयस का निर्णय**

- **हर प्रकार से श्रेष्ठ**

यार्डले जांच के मापदंडों पर सभी ब्रांड की तुलना में हर प्रकार से खरा उतरा है। यहां तक कि टीएफएस, झाग की मात्रा, पानी की मात्रा आदि में यार्डले पहले स्थान पर रहा इसके बाद दूसरे स्थान पर विल्ड स्टोन रहा है।

- **संवेदी जांच में बेहतर**

उपभोक्ताओं द्वारा इस्तेमाल करने पर संवेदी जांच में विल्ड स्टोन और सुपर मैक्स पहले स्थान पर रहे और इसके बाद बहुत कम अंतर से ही यार्डले ब्रांड रहा।

**कुल वज़न :–**

अधिकतर ब्रांड ने अपने दावे से कुछ अधिक ही उत्पाद की मात्रा दी। भारतीय मानक के वज़न और मापक नियम के अनुसार शेविंग क्रीम के वज़न में यदि 100 ग्राम की पैकिंग है तो 2ग्राम और यदि 50ग्राम की पैकिंग है तो 1ग्राम मात्रा कम हो सकती है। सभी ब्रांड में निर्धारित मात्रा से अधिक ही उत्पाद का वज़न पाया गया सिर्फ विल्ड स्टोन में उत्पाद की एकदम सुनिश्चित निर्धारित मात्रा पाई गई। प्रत्येक उत्पाद के नमूने का कुल वज़न का मापा गया और उसकी तुलना उनकी मात्रा के लिए जो दावा किया गया था उससे की गई जिसका प्रतिशत मात्रा में आकलन किया गया।

**संवेदी परीक्षण**

यह जांच कुछ चुनिंदा उपभोक्ताओं को चुनकर जो कि नियमित रूप से दाढ़ी बनाते हैं उन पर की गई। प्रत्येक पैनल के मैंबर को शेविंग क्रीम के तीन नमूने दिए गए।

सभी इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं ने क्रीम का प्रयोग गर्म पानी और अच्छी गुणवत्ता वाले ब्रश के साथ ही किया। अमूमन वे रोजाना उसी ब्रश को अपनी शेविंग के लिए इस्तेमाल करते भी थे। जांच करने वाले समूह ने उपभोक्ताओं से क्रीम के बारे उसकी खुशबू, झाग की मात्रा, कोमलता की विशेषता, इस्तेमाल करने के बाद का अनुभव और किसी प्रकार की जलन तो नहीं आदि के बारे उनकी राय ली गई।

जांच समूह ने संवेदी निरूपण किया गया और सभी बिंदुओं का एक साथ आकलन कर प्रत्येक ब्रांड के प्रतिशत अंक निकाले गए।

## शेविंग क्रीम का तुलनात्मक कार्य–निष्पादन चार्ट

| ब्रांड / टैस्ट पैरामीटर | भारांक % | यार्डले | वाइल्ड स्टोन | सुपरमैक्स | एक्स–डेनिम | पार्क ऐवेन्यू | गोदरेज् | डेटॉल | ओल्ड स्पाइस | वी–जॉन | पामोलिव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| **कीमत (MRP), रुपए** | | **57** | **55** | **55** | **63** | **57** | **35** | **59/** | **57** | **32** | **55** |
| वज़न, ग्राम | | 91* (70+21) | 70 | 100* (70+30) | 78* (60+18) | 91* (70+21) | 100 | 91* (70+21) | 70 | 125 | 70 |
| यूनिट मूल्य** /10 ग्राम | | 6.26 | 7.85 | 5.5 | 8.0 | 6.25 | 3.5 | 6.48 | 8.14 | 2.56 | 7.85 |
| **1.0 संवेदी परीक्षण** | **14** | **10.74** | **11.37** | **11.13** | **10.1** | **8.49** | **9.15** | **9.6** | **9.5** | **10.12** | **8.99** |
| **2.0 फ़िज़ियो–केमिकल टैस्ट** | **72** | **71.59** | **69.24** | **66.67** | **64.36** | **64.73** | **64.20** | **63.73** | **62.80** | **60.22** | **60.69** |
| 2.1 टोटल फैटी सब्सटेंस (TFS) | 20 | 19.856 | 18.43 | 19.09 | 15.246 | 17.57 | 17.128 | 17.322 | 14.89 | 16.152 | 16.81 |
| 2.2 झाग क्षमता (लेदरिंग पॉवर) | 20 | 20.00 | 19.79 | 16.74 | 17.71 | 15.23 | 15.98 | 14.80 | 17.33 | 13.75 | 12.39 |
| 2.3 पानी की मात्रा (%W/W) | 5 | 4.815 | 4.876 | 3.903 | 4.461 | 4.99 | 4.125 | 4.657 | 3.625 | 3.387 | 4.543 |
| 2.4 फ्री कॉस्टिक एल्कली | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 | 4 |
| 2.5 हैवी मेटल, लेड और आर्सेनिक | 4 | 3.93 | 3.94 | 3.95 | 3.96 | 3.95 | 3.97 | 3.97 | 3.96 | 3.95 | 3.95 |
| 2.6 स्टेबिलिटि | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 2.7 कंसिस्टेंसी | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 2.8 होमोजेनिटि | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 2.9 इफेक्ट ऑन कंटेनर | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 2.10 ग्रिटि मैटर | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 | 3 |
| 2.11 कुल मात्रा | 4 | 3.99 | 3.2 | 3.99 | 3.98 | 3.99 | 4 | 3.98 | 4 | 3.98 | 4 |
| **3.0 माइक्रोबायोलॉजिकल परीक्षण** | **14** | **11.4** | **11.4** | **11.4** | **11.4** | **11.7** | **11.4** | **11.4** | **11.7** | **11.4** | **11.4** |
| 3.1 टीवीसी (TVC) | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| 3.2 ग्राम–वे पैथोजन | 3 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 | 2 |
| **4.0 पैकेजिंग एंड मार्किंग** | **8** | **7.4** | **7.4** | **7.4** | **7.4** | **7.7** | **7.4** | **7.4** | **7.7** | **7.4** | **7.4** |
| **ओवरऑल स्कोर (राउंडिड)** | **100** | **94** | **92** | **89** | **86** | **85** | **85** | **85** | **84** | **82** | **81** |

**रेटिंग:** >91 – बहुत अच्छा *****, 71–90. अच्छा****, 51–70. औसत ***, 31–50. खराब **, <30 – बहुत खराब*

* प्रमोशन स्कीम के रूप में अतिरिक्त क्रीम

**यूनिट मूल्य में दी गई अतिरिक्त क्रीम सम्मिलित है